पंजाब केसरी 23/11/23

स्कूल के बच्चों को जानकारी देते इतिहास विभाग के प्रोफैसर।

# एयरफोर्स स्कूल के बच्चों को महात्मा गांधी के बारे में दी जानकारी

अम्बाला, 22 नवम्बर (स.ह.): कैंट के जी.एम.एन. कालेज इतिहास विभाग के अंतर्गत गांधी अध्ययन केंद्र में एयरफोर्स स्कूल अम्बाला कैंट के विद्यार्थियों द्वारा भ्रमण किया गया। इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों में महात्मा गांधी जी के दर्शन, मूल्य और उद्देश्यों को भरना था।

कार्यक्रम की शुरुआत में गांधी स्टडी सैंटर के इंचार्ज एवं अध्यक्ष इतिहास विभाग डा. धर्मवीर सैनी द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि गांधी जी ने अपने जीवन को अपने देश के लिए न्यौछावर कर दिया।

उन्होंने जो कहा वही जीवन भर किया। अपने नियमों से ब्रिटिश साम्राज्य की जड़ें पूरी तरह हिला दी और भारत को आजादी दिलवाई। गांधी जी ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को नई दिशा दी और अपने नियमों से राष्ट्रीय आंदोलन के स्वरूप को ही बदल दिया था।

आज के दौर में गांधी जी के मूल्य की बहुत ज्यादा प्रासंगिकता है और हमें भारत की समस्याओं का समाधान गांधी जी के मूल्यों में ही ढूंढा जा सकता है। इस दौरान प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इतिहास विभाग व गांधी स्टडी सैंटर को बधाई देते हुए कहा कि इस सैंटर का उद्देश्य बखूबी इस तरह के विजिट से पूरा हो रहा है।

डा. अनुपमा हांडा पी.जी.टी. हिस्ट्री, एयरफोर्स स्कूल ने कहा कि इस दौरे से इतिहास विभाग के बच्चों की राष्ट्रीय आंदोलन में गांधी जी के योगदान को लेकर जानकारी बढ़ी है।